न्यायालय जिला कलक्टर अलवर (राजस्थान)

प्रा.पत्र संख्या	रजि0 नम्बर	प्रवेश तिथि	निर्णय दिनांक
15 / 42 / 2022	2022 / 68	23.02.2022	10.05.2022

–उनवान–

1. ऐ.के.बी. होटल प्रा0 लि0 जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता प्रतिनिधि अफजल वसीम पुत्र श्री मौहम्मद अस्फाक निवासी आजाद चौक सनमून ऑफिस जूबीटर स्ट्रीट भीलवाड़ा राज0

–प्रार्थी

बनाम

1. तहसीलदार नीमराना जिला अलवर।
2. पी.एन.बी. शाखा शाहजहांपुर तहसील नीमराना जिला अलवर।
3. बी.ओ.बी. शाखा सक्तपुरा तहसील मुण्डावर जरिये शाखा प्रबंधक।
4. सैन्ट्रल बैक ऑफ इण्डिया शाखा नीमराना जरिये शाखा प्रबंधक।
5. पी.एन.बी. शाखा जोनायचाखुर्द तहसील नीमराना जिला अलवर जरिये शाखा प्रबंधक।
6. पी.एन.बी. शाखा नीमराना तहसील नीमराना जिला अलवर जरिये शाखा प्रबंधक

–असल अप्रार्थीगण

7. कर्ण सिंह पुत्र भूपसिंह जाति अहीर
8. लालसिंह पुत्र भूपसिंह जाति अहीर
9. सत्य नारायण पुत्र भूपसिंह जाति अहीर
10. कविता पुत्री दयाराम जाति अहीर
11. रजनेश पुत्री दयाराम जाति अहीर
12. राजेश पुत्री दयाराम जाति अहीर
13. रामकलां पुत्री दयाराम जाति अहीर
14. सरोज पुत्री दयाराम जाति अहीर
15. सुनीता पुत्री दयाराम जाति अहीर
16. दीनदयाल पुत्र नन्दलाल जाति अहीर
17. अभय सिंह पुत्र हंसराज जाति अहीर
18. दीपचन्द पुत्र हंसराज जाति अहीर
19. प्रकाश पुत्र हंसराज जाति अहीर
20. किशनलाल पुत्र बुधराम जाति अहीर निवासीयान् ग्राम सांसेडी तहसील नीमराना जिला अलवर जरिये मुखत्यारआम राजेश पुत्र दयाराम निवासी ग्राम सांसेडी तहसील नीमराना जिला अलवर।
21. उपखण्ड अधिकारी नीमरना, जिला अलवर।

–तरतीबी अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र मुन्तकिल

उपस्थितः–

01.श्री मनीष कुमावत **–वकील प्रार्थी**

02.श्री वीरेन्द्र कुमार मेहरा **–वकील अप्रार्थीगण**

––:: निर्णय ::––

प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र मुन्तकिल पेश कर उपखण्ड अधिकारी नीमराना के न्यायालय में विचाराधीन वाद उनवान ऐ.के.बी. होटल प्रा0 लि0 बनाम तहसीलदार नीमराना वगै0 को किसी दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का निवेदन किया है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को नोटिस जारी कर तलब किया गया।

विद्वान वकील प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मुंतकिल के सूक्ष्म तथ्य इस प्रकार है कि अधीनस्थ न्यायालय में विचाराधीन वाद ऐ.के.बी. होटल प्रा0 लि0 बनाम तहसीलदार नीमराना वगै0 विचाराधीन है। प्रा0पत्र अन्तर्गत धारा 48 व 49 आरटीएक्ट पेश किया हुआ है। उक्त प्रा0पत्र में संशोधन हेतु प्रा.पत्र पेश किया था जिसे स्वीकार कर पत्रावली तलबी पेशी में नियत है। दिनांक 11.01.2022 को प्रार्थी तामील पेश करने हेतु गया। तलवाना पेश करने पर कर्मचारी ने बताया कि

जिला कलक्टर, अलवर

उक्त पत्रावली पीठासीन अधिकारी महोदय के पास है। प्रार्थी पीठासीन अधिकारी से मिला व प्रकरण में तामील जारी कराने हेतु निवेदन किया तो पीठासीन अधिकारी बोले कि तुम्हारे द्वारा पेश किया प्रा0पत्र सही नहीं है। इसे या तो वापस ले लो अन्यथा मैं खारिज कर दुंगा। उक्त प्रकार प्रार्थी को पीठासीन अधिकारी पर संदेह हुआ कि पीठासीन अधिकारी उसके विरूद्ध निर्णय पारित कर देंगे।

अतः प्रार्थी का प्रा0पत्र मुंतकिल स्वीकार फरमाया जाकर अधीनस्थ न्यायालय में विचाराधीन पत्रावली को किसी दीगर न्यायालय में मुंतकिल फरमाया जावें।

विद्वान वकील अप्रार्थीगण ने बहस व जवाब में निवेदन किया कि विचाराधीन मुंतकिल प्रार्थना पत्र स्वीकार कर अधिनस्थ न्यायालय में विचाराधीन पत्रावली को किसी दीगर न्यायालय में स्थानान्तरित किया जाता है तो अप्रार्थीगण को कोई आपत्ति नही है।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा प्रार्थी एवं अप्रार्थी द्वारा पेश समस्त दस्तावेजात् का अवलोकन व मनन किया। वकील अप्रार्थी द्वारा भी अधिनस्थ न्यायालय में विचाराधीन पत्रावली को किसी दीगर न्यायालय में स्थानान्तरित करने पर अपनी सहमती जताई गई है। वकील अप्रार्थी की सहमती के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।

अतः उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र मुंतकिल स्वीकार किया जाता है। उपखण्ड अधिकारी नीमराना में विचाराधीन ऐ.के.बी. होटल प्रा0 लि0 बनाम तहसीलदार नीमराना वगै0 को न्यायालय सहायक कलक्टर बानसूर में मुन्तकिल किया जाता है। उपखण्ड अधिकारी नीमराना को निर्देशित किया जाता है कि उक्त पत्रावली न्यायालय सहायक कलक्टर बानसूर को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। सहायक कलक्टर बानसूर प्रकरण में नियमानुसार शीघ्र सुनवाई कर प्रकरण का विधिवत निस्तारण करें।

निर्णय प्रति उपखण्ड अधिकारी नीमराना एवं सहायक कलक्टर बानसूर को पालनार्थ भिजवाई जावे। इस न्यायालय की पत्रावली नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 10.05..2022 को अद्योहस्तारकर्ता द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(शिव प्रसाद नकाते)
जिला कलक्टर अलवर
(राजस्थान)